केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

दिनांक 30/04/2024

प्रेस विज्ञप्ति

**केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में ई- संगोष्ठी क□आयोजन।**

----------------

उप मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री कल्याण सिंह की अध्यक्षता में दिनांक 29/04/2024 को केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन,प्रयागराज में मानसिक तनाव समस्या एवं समाधान विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई ।

संगोष्ठी में डॉ. रोहित कुमार, सहायक मण्डल चिकित्साधिकारी/ केन्द्रीय चिकित्सालय/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज ने वक्तव्य दिया। अपने संबोधन में डॉ. कुमार ने बताया कि मानिसक तनाव दो प्रकार के होते है एक सकारात्मक तथा दूसरा नकारात्मक, सकारात्मक तनाव हमारी कार्य करने की क्षमता में वृद्धि करती है। जबकि नकारात्मक तनाव मानसिक रूप से बीमार करता है। उन्होने रेलकर्मी रेल सेवा के बाद तनाव मुक्त किस प्रकार रहें □सकी विस्तृत जानकारी दी एवं तनाव मुक्त रहने के टिप्स भी बताए। उन्होने यह भी कहा कि मानसिक तनाव को समझने की आवश्यकता है और □से दवा एवं सही □लाज के माध्यम से ठीक किया जा सकता है। उन्होने यह भी कहा कि यदि अपने स्वभाव में परिवर्तन या चिढ़-चिढ़ापन महसूस हो तो बिना संकोच के मनोचिकित्सक की सलाह अवश्य लें।

उप मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री कल्याण सिंह ने डॉ. रोहित कुमार को कोर परिवार की ओर से साधुवाद दिया एवं आभार व्यक्त किया।

संगोष्ठी में संगठन के उप मुख्य वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी, श्री कौशल कुमार श्रीवास्तव, उप सचिव, श्री अनूप कुमार मिश्रा, उप मुख्य सिगनल एवं दूर संचार □जीनियर, श्री प्रदीप तिवारी, विधि अधिकारी, श्री संदीप नारायण श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री बृजेन्द्र सिंह, कार्यालय अधीक्षक ने किया।

(एस॰के॰द्विवेदी)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज